an>

Title: Need to re-design the railway over bridge near Khurai-Rahatgarh Bus stop in Sagar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री लक्ष्मी नारायण यादव (सागर): माननीय उपाध्यक्ष जी, सदन के माध्यम से मैं सरकार का ध्यान मध्य प्रदेश के अपने संसदीय क्षेत्र सागर के खुरई राहतगढ़ बस स्टॉप के पास बने रेलवे उपरिपुल की तरफ दिलाना चाहता हूं। इस पुल का डिजाइन गलत बन जाने के कारण ट्रकों, बसों एवं कारों को पुल पर चढ़ने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिससे इस पुल पर कई दुर्घटनाएं होती हैं और आए दिन जाम लगा रहता है। इस पुल के डिजाइन में संशोधन किये जाने की अत्यन्त आवश्यकता है।

अत: मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलवे उपरिपुल के डिजाइन को संशोधित किया जाए।